## PRACTICE SET-3

**1. यहाँ लगभग कोई दो दर्जन के करीब संतरे हैं। इस वाक्य की अशुद्धि दूर करने के लिए निम्न में से सही वाक्य पहचानिए।**

**a.** यहाँ लगभग दो दर्जन संतरे हैं।

**b.** यहाँ करीब कोई दो दर्जन संतरे है।

**c.** यहाँ लगभग दो दर्जन के करीब संतरे है।

**d.** यहाँ कोई दो दर्जन के करीब संतरे है।

**2. दिए गए विकल्पों में से 'विकीर्ण' शब्द का विपरीतार्थी शब्द कौन-सा है?**

**a.** विस्तार **b.** भीतर

**c.** वितरण **d.** एकत्र

**3. वेदों की संख्या कितनी है?**

**a.** 3 **b.** 2

**c.** 1 **d.** 4

**4. निम्न में से 'बंधु' शब्द का बहुवचन रूप कौन-सा है?**

**a.** बंधुओं **b.** बंधु वर्ग

**c.** बंधू **d.** बंधुएं

**5. 'एक पंथ दो काज'- निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प इस लोकोक्ति का उचित अर्थ दर्शाता है?**

**a.** मुसीबत में और मुसीबत आ पड़ना।

**b.** दोनों तरफ खतरा।

**c.** एक समय में दो कार्यों की सिद्धि।

**d.** कहीं का भी न रहना।

**6. 'साकेत' महाकाव्य पर कवि मैथिलीशरण गुप्त को कौन-सा पारितोषिक प्राप्त हुआ?**

**a.** सार्क लिटरेरी अवॉर्ड **b.** ज्ञानपीठ

**c.** सरस्वती **d.** मंगलाप्रसाद

**निर्देश: (7 से 9)- गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

हमारा समाज पुरुष प्रधान है। यहाँ जो भी नियम बनाए जाते हैं, वे पुरुषों के द्वारा ही बनाए जाते हैं। अत: कैसे संभव है कि वे नियम अपने विरुद्ध बनाए। नारी के उत्थान और पतन के पीछे भी पुरुष का ही हाथ होता है। अत: नारी की हमारे समाज में क्या स्थिति होगी यह स्वयं ही परिभाषित है। भारत के गांवों में स्त्रियों को पिता, पति अथवा पुत्र के अधीन रहना पड़ता है। ग्रामीण स्त्रियां प्राय: आर्थिक तंगी का शिकार होती हैं। उनके स्वास्थ्य और शिक्षा के विषय में भी अधिक ध्यान नहीं दिया जाता।

वास्तव में, आधुनिक युग में कहने के लिए लड़का लड़की एक समान हैं किन्तु इसके पीछे भी रहस्य कुछ और ही है। मादा भ्रूण को गर्भ में नष्ट करने के कारण आज स्त्री-पुरुष के प्रतिशत में काफी अंतर आ रहा है। दहेज प्रथा की भयावहता लड़की के जीवन के आकाश में धूमकेतु बनकर छा जाती है। घर से बाहर निकालने का उन्हें विचार असुरक्षित महसूस होता है। अनेक लड़कियाँ तो विवाह के उपरांत जीवन भर तनाव सहने को विवश हो जाती हैं। यह स्थिति केवल अशिक्षित लड़कियों की ही नहीं, बल्कि शिक्षित लड़कियों की भी है।

**7. सदियों से महिलाएं किस प्रथा को निभाती आ रही हैं?**

**a.** पूर्ण शिक्षित होने को।

**b.** स्वतंत्र नियम बनाने को

**c.** आर्थिक रूप से फलित होने को

**d.** परिवार के पुरुष वर्ग के अधीन होने को

**8. गद्यांश का मूल तथ्य क्या है?**

**a.** सदी सदी में दहेज जैसी कुप्रथा को समाज में बनाए रखना

**b.** लड़का-लड़की में समानाधिकार का अभाव

**c.** पुरुषों का विरोध करना

**d.** महिलाओं द्वारा पुरुष प्रधान व्यवस्था को नष्ट करना

**9. गद्यांश में आए 'धूमकेतु' शब्द का अभिप्राय है-**

**a.** नभ में चमकने वाले सितारे का नाम

**b.** आकाश में तारे चमकना

**c.** शादी में मिलने वाले दहेज की खुशी

**d.** डर, खौफ मंडराना

**10. 'लोहे के चने चबाना' निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प इस मुहावरे का उचित अर्थ दर्शाता है?**

**a.** लोहे के चनों का शौकीन होना

**b.** चनों के लिए मारे-मारे फिरना

**c.** बहुत कठिनाई का सामना करना

**d.** बहुत खतरा उठाना

**11. 'अगरबत्ती की सुगंध से थकावट दूर हो गई।' निम्न में से इस वाक्य में प्रयुक्त काल बताएं।**

**a.** अपूर्ण भूतकाल **b.** पूर्ण भूतकाल

**c.** सामान्य भूतकाल **d.** पूर्ण वर्तमान काल

**12. दिए गए विकल्पों में 'प्रचुर' का विलोम शब्द कौन-सा है?**

**a.** मृदुल **b.** निम्न

**c.** अल्प **d.** उध्व्

**13. मेरी बहन उच्च शिक्षा .......... ऑस्ट्रेलिया जा रही है। दिए गए विकल्पों में से सही का चयन करके वाक्य पूर्ण कीजिए।**

**a.** पर **b.** के लिए

**c.** में **d.** को

**14. जहाँ शब्दों के अर्थ से चमत्कार स्पष्ट हो, वहाँ .......... मान जाता है।**

**a.** विभावना अलंकार **b.** वीप्सा अलंकार

**c.** प्रश्न अलंकार **d.** अर्थालंकार

**15. निम्न में से स्त्रीलिंग शब्द को पहचानिए।**

**a.** कशीदाकार **b.** जुर्राब

**c.** पाजामा **d.** घाघरा

**16. दिव्या और सौम्या में ........ बड़ी है?**

a. स्वयं
b. कौन
c. कुछ
d. कोई

**17. दिए गए विकल्पों में 'माल' का समानार्थी शब्द कौन-सा है?**

a. मस्तक
b. प्रलय
c. उन्नत
d. भाला

**18. निम्न में से 'बुढ़िया' का बहुवचन रूप पहचानिए।**

a. बूढियां
b. बुढ़ियों
c. बुढ़ियाँ
d. बुढियाएं

**19. चिरजीवो जोरी जुरे क्यों न सनेह गंभीर।**
**को घटि ये वृष भानुजा, वे हलधर के बीर।**
**इन पंक्तियों में किस अलंकार का प्रयोग किया गया है?**

a. उत्प्रेक्षा
b. उपमा
c. रूपक
d. श्लेष

**20. हनुमान की पूँछ में, लग न पायी आग।**
**लंका सगरी जल गई, गए निशाचर भाग।।**
**इन पंक्तियों में कौन-सा अलंकार व्यक्त किया गया है?**

a. अतिशयोक्ति अलंकार
b. रूपक
c. अन्योक्ति अलंकार
d. उपमा

**21. ''गाँधी को राष्ट्रपिता कहा गया है।'' वाक्य में संज्ञा किस से किस रूप में परिवर्तित हो रही है?**

a. व्यक्तिवाचक से जातिवाचक
b. जातिवाचक से व्यक्तिवाचक
c. भाववाचक से जातिवाचक
d. व्यक्तिवाचक से भाववाचक

**22. 'यह देखिए, अरविन्द से शिशु वृंद कैसे सो रहे।'**
**पंक्ति में 'अरविन्द' शब्द क्या है?**

a. वाचक
b. उपमान
c. साधारण धर्म
d. उपमेय

**23. निम्न में से शुद्ध वाक्य पहचानिए।**

a. वाह! कितना घृणित दृश्य है।
b. छि! कितना घृणित दृश्य है।
c. ओह! कितना घृणित दृश्य है।
d. आह! कितना घृणित दृश्य है।

**24. दिए गए विकल्पों में 'अकुलाना' का समानार्थी शब्द कौन-सा है?**

a. संवरना
b. अभिवादन
c. प्रसन्न होना
d. व्याकुल होना

**25. कबीरदास जी की रचनाएँ निम्न में से किसमें संकलित हैं?**

a. बीजक
b. मृगावती
c. पदावली
d. सूरसागर

**26. महादेवी वर्मा को 'नीरजा'' के लिए कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ है?**

a. द्विवेदी पदक
b. ज्ञानपीठ
c. सक्सेरिया पुरस्कार
d. भारत भारती

**27. 'मथुरा, आगरा, धौलपुर, ग्वालियर आदि' क्षेत्र में निम्नलिखित में से कौन-सी बोली, बोली जाती है?**

a. ब्रजभाषा
b. अवधी
c. खड़ीबोली
d. बांगरू

**28. निम्न वाक्य के किस भाग में त्रुटि है, पहचानिए।**
**आधुनिक हिन्दी के सबसे सशक्त कवयित्रियों में से एक होने के कारण उन्हें आधुनिक मीरा' के नाम से भी जाना जाता है।**

a. आधुनिक हिन्दी के सबसे सशक्त कवयित्रियों
b. उन्हें 'आधुनिक मीरा' के नाम
c. से भी जाना जाता है।
d. में से एक होने के कारण

**29. विशेषण की तीन अवस्थाएं होती हैं- मूलावस्था, ........ तथा ........। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प समूह का चयन करें।**

a. विशेष्य, प्रतिविशेषण
b. परिणाम, सार्वजनिक
c. गुणवाचक, संख्यावाचक
d. उत्तरावस्था, उत्तमावस्था

**30. दिए गए विकल्पों में 'प्रतिक्रिया' का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?**

a. प्रत्युत्तर
b. भनभनाहट
c. यथानियम
d. बदस्तुर

**31. दिल्ली .......... मेरठ .......... दूरी लगभग सत्तर किलोमीटर है। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करके वाक्य पूर्ण कीजिए।**

a. से, की
b. और, में
c. तथा, का
d. का, से

**32. निम्नलिखित में से 'धूर्त' शब्द से संबंधित मुहावरा पहचानिए।**

a. हाथ साफ करना
b. रँगा सियार
c. नाकों चने चबवाना
d. जहर उगलना

**33. 'कोयले की दलाली में मुँह काला' इस लोकोक्ति का अर्थ निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प दर्शाता है?**

a. अपराधी स्वयं ही डरा-डरा रहता है
b. बुरा काम बदनामी का कारण बन जाता है
c. सभी वस्तुएं समान नहीं होती
d. तुच्छ व्यक्ति अधिक प्रदर्शन करता है

**34. निम्न में से पुल्लिंग शब्द को पहचानिए।**

a. भुजा
b. जाति
c. चिड़िया
d. कपड़ा

**35. दिए गए विकल्पों में से 'पवित्रता' का विशेषण कौन-सा है?**

a. पवित्र
b. पवित्रात्मा
c. पवित्रतम
d. पाक

36. ''आप नि:संकोच चले जाओ।'' इस वाक्य की त्रुटि सुधारने के लिए निम्न में से सही वाक्य छांटें।

a. तुम नि:संकोच चले जाइए।

b. आप नि:संकोच चले जाइंगा।

c. आप नि:संकोच चला जाओ।

d. आप नि:संकोच चले जाइए।

37. ........... खिड़की का शीशा तोड़ा है ........... बता दे। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करके वाक्य पूर्ण कीजिए।

a. उसने, तुम्हारे　　b. जिसने, वह

c. वह, कुछ　　d. वो, कौन

38. ''आज हर कोई मानसिक रूप से बीमार दिखता है।'' इस वाक्य में ''हर कोई'' किस प्रकार का शब्द है?

a. एकवचन　　b. बहुवचन

c. सदैव बहुवचन　　d. सदैव एकवचन

39. निम्न में से सही जोड़ी चुनिए।

a. जयशंकर प्रसाद - यामा

b. महादेवी वर्मा - ययाति

c. नासिरा शर्मा - जिया हठ

d. सुमित्रानंदन पंत - चिदम्बरा

40. दिए गए विकल्पों में से 'उन्नत' शब्द क्या दर्शाता है?

a. प्रतिविशेषण　　b. विशेषण

c. क्रियाविशेषण　　d. विशेष्य

41. 'अनन्त' की सही संधि होगी–

a. अन् + अंत　　b. अन + अंत

c. अनन् + त　　d. अनन + त्

42. व्युत्पत्ति के आधार पर संज्ञा के कितने भेद होते हैं?

a. तीन　　b. चार

c. पाँच　　d. छः

43. ''श्रोता'' के लिये किस सर्वनाम का प्रयोग किया जाता है?

a. उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम

b. मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम

c. अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

d. उपयुक्त सभी गलत हैं

44. वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है–

a. उपर्युक्त　　b. अपरर्युक्त

c. उपरियुक्त　　d. उपरोक्त

45. हिन्दी में प्रयुक्त शब्द 'बाल्टी' शब्द भंडार की दृष्टि से किस तरह का शब्द है–

a. तत्सम　　b. तद्‌भव

c. देशज　　d. विदेशज

**निर्देश (46-50)– निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

जीवों और उनके परस्पर क्रियाओं का अध्ययन पारिस्थितिकी या इकोलॉजी कहलाता है। जीव अपने पर्यावरण के अजीवित तत्वों या घटकों से क्रिया करते हुए सम्मिलित रूप से एक तन्त्र का निर्माण करते हैं। इसे पारिस्थितिकी तन्त्र या इकोतन्त्र कहा जाता है। विभिन्न इकोतन्त्रों का संघटन भिन्न-भिन्न होता है। इकोतन्त्र यथार्थ में कार्बनिक या जैविक और अकार्बानिक या अजैविक घटकों की आपस में अन्त:क्रियाओं और उनकी परस्पर निर्भरता का समुच्चय है। इस शब्द का प्रयोग मूल रूप से जीवों के समूहों और आवास के परस्पर मिलने से निर्मित एक क्रियाशीलता इकाई के निर्माण को प्रकट करने के लिए कहा गया है। इस ग्रह पर उपस्थित समस्त इको तन्त्र को सम्मिलित रूप से 'जैव मण्डल' की संख्या दी जा सकती है। पारिस्थितिकी तन्त्र के घटकों में सूर्य का प्रकाश अकार्बनिक पदार्थ, कार्बनिक पदार्थ, जलवायु, उत्पादक उपभोक्ता तथा सूक्ष्म एवं बड़े उपभोक्ता शामिल है। इकोतन्त्र को सुरक्षित रखते हुए विकास की योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन हमारी जिम्मेदारी है।

46. जीवों और उनके पर्यावरण की परस्पर क्रियाओं का अध्ययन कहलाता है–

a. इकोलॉजी

b. एन्थ्रोपोलॉजी

c. बायोलॉजी

d. एण्डोक्रायनोलॉजी

47. पृथ्वी पर उपस्थित समस्त इकोतन्त्र को सम्मिलित रूप से कहते हैं–

a. सौरमण्डल

b. जैवमण्डल

c. तारामण्डल

d. इनमें से कोई भी नहीं

48. पारिस्थितिकी तन्त्र या इकोतन्त्र का यह घटक नहीं है–

a. सूर्य का प्रकाश

b. कार्बनिक पदार्थ

c. परमाणु ऊर्जा

d. मौसम

49. लेखन कौशल से सम्बन्धित नहीं है–

a. विषय-वस्तु को स्पष्ट व तार्किक रूप से संघटित करना

b. लेख को कुशलतापूर्वक लिखना

c. व्याकरण का सही उपयोग

d. विचारों के बीच सम्बन्ध स्थापित न करना

50. 'बालघात' का प्रयोग होगा–

a. श्रवण कौशल में

b. बोलने के कौशल में

c. पठन कौशल में

d. लेखन कौशल में

**व्याख्या सहित उत्तर**

1. **a.** 'यहाँ लगभग दो दर्जन संतरे हैं।' लगभग, करीब इत्यादि शब्द समानार्थी हैं और 'अनिश्चित अर्थ' वाले शब्द हैं।
2. **d.** 'विकीर्ण' शब्द का विलोम शब्द 'एकत्र' है।
3. **d.** वेद 4 हैं-ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद।
4. **a.** 'उकारान्त' एवं ऊकारान्त संज्ञाओं का बहुवचन बनाने के लिए उनमें 'ओं' जोड़ना पड़ता है अत: 'बंधु' शब्द का बहुवचन रूप 'बंधुओं' है।
5. **c.** 'एक पंथ दो काज' का अर्थ है- 'एक समय में दो कार्यों की सिद्धि'।
6. **d.** राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त को 'साकेत' महाकाव्य के लिए 1936 में हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग द्वारा मंगलाप्रसाद पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया था।
7. **d.** सदियों से महिलाएं परिवार के पुरुष वर्ग के अधीन होने की प्रथा को निभाती आ रही हैं।
8. **b.** प्रस्तुत गद्यांश का मूल तथ्य लड़का-लड़की में समानाधिकार का अभाव है।
9. **d.** गद्यांश में प्रयुक्त 'धूमकेतु' शब्द का अभिप्राय 'डर व खौफ मंडराना' है।
10. **c.** 'लोहे के चने चबाना' का अर्थ है-' बहुत कठिनाई का सामना करना।
11. **c.** यह वाक्य सामान्य भूतकाल का है। जिस वाक्य से भूतकाल की क्रिया के विशेष समय का ज्ञान न हो, वह सामान्य भूतकाल कहलाता हैं।
12. **c.** 'प्रचुर' का विलोम 'अल्प' है। 'उच्च' और मृदुल का विलोम क्रमश: 'निम्न', 'कठोर' है।
13. **b.** रिक्त स्थान पर 'के लिए' का प्रयोग उचित होगा। वाक्य इस प्रकार होगा- 'मेरी बहन उच्च शिक्षा के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रही है।'
14. **d.** जहाँ शब्दों के अर्थ से चमत्कार स्पष्ट हो, वहाँ अर्थालंकार होता है। रूपक, उत्प्रेक्षा, व्यतिरेक आदि अर्थालंकार के प्रकार हैं।
15. **b.** 'जुर्राब' स्त्रीलिंग है। कशीदाकार, पाजामा एवं घाघरा पुल्लिंग शब्द हैं।
16. **b.** प्रस्तुत वाक्य में रिक्त स्थान में 'कौन' शब्द का प्रयोग होगा। वाक्य इस प्रकार होगा–'दिव्या और सौम्या में कौन बड़ी है?'
17. **a.** दिए गए विकल्पों में 'भाल' का समानार्थी शब्द 'मस्तक' है।
18. **c.** 'बुढ़िया' का बहुवचन रूप 'बुढ़ियाँ' है। जिन स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में 'या' आता है, उन्हें बहुवचन बनाने के लिए या पर चन्द्रबिन्दु लगाया जाता है।
19. **d.** इन पंक्तियों में श्लेष अलंकार है। यहाँ 'वृज़ भानुजा' के दो अर्थ हैं-1. वृषभानु की पुत्री राधा तथा 2. वृषभ (बैल) की अनुजा (बहन) गया। इसी तरह 'हलधर' दो अर्थ व्यक्त करता है-बलराम और बैल।
20. **a.** इन पंक्तियों में अतिशयोक्ति अलंकार है। जब किसी वस्तु अथवा घटना का बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन किया जाए, तब अतिशयोक्ति अलंकार होता है।
21. **b.** इस वाक्य में जातिवाचक संज्ञा व्यक्तिवाचक में परिवर्तित हो रही है।
22. **b.** इस पंक्ति में 'अरविन्द' उपमान है। 'उपमान' का अर्थ है जिससे उपमा दी जाय'।
23. **b.** यहाँ बच्चों की तुलना कमल से की गई है। वाक्य 'छि! कितना घृणित दृश्य है।' शुद्ध वाक्य किया जाता है। जब वाक्य में घृणा का बोध हो तब छि! का प्रयोग किया जाता है। सुन्दरता होने पर वाह!, आश्चर्य का बोध होने पर ओह! तथा व्यथा का बोध होने पर आह! का प्रयोग किया जाता है।
24. **d.** विकल्पों में 'अकुलाना' का समानार्थी शब्द 'व्याकुल होना' है।
25. **a.** कबीरदास जी की रचनाएँ 'बीजक' में संकलित हैं। 'सूरसागर' व 'मृगावती' के रचनाकार क्रमशः सूरदास व कुतुबन हैं।
26. **c.** महादेवी वर्मा को उनकी रचना 'नीरजा' के लिए सक्सेरिया पुरस्कार दिया गया था।
27. **a.** मथुरा, आगरा, धौलपुर, ग्वालियर आदि क्षेत्रों में ब्रजभाषा का प्रयोग होता है। ब्रजभाषा में व्यापक काव्य रचना हुई है।
28. **a.** 'आधुनिक हिन्दी के सबसे सशक्त कवयित्रियों' यहाँ सबसे सशक्त' के स्थान पर 'की सशक्त' का प्रयोग किया जाना चाहिए।
29. **d.** विशेषण की तीन अवस्थाएं होती हैं मूलावस्था, उत्तरावस्था तथा उत्तमावस्था।
30. **a.** 'प्रतिक्रिया' का पर्यायवाची शब्द 'प्रत्युत्तर' है।
31. **a.** इस वाक्य के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए 'से' तथा 'की' शब्दों का प्रयोग उचित है। वाक्य इस प्रकार बनेगा-दिल्ली से मेरठ की दूरी लगभग सत्तर किमी. है।
32. **b.** दिए गए विकल्पों में 'धूर्त' शब्द से संबंधित मुहावरा 'रँगा सियार' है।
33. **b.** 'कोयले की दलाली में मुँह काला' लोकोक्ति का अर्थ है 'बुरा काम बदनामी का कारण बन जाता है।'
34. **d.** प्रस्तुत विकल्पों में 'कपड़ा पुल्लिंग शब्द है, जबकि भुजा, जाति एवं चिड़िया स्त्रीलिंग शब्द हैं।
35. **a.** 'पवित्रता' का विशेषण 'पवित्र' है।
36. **d.** इस वाक्य का शुद्ध रूप है-"आप नि:संकोच चले जाइए।"

**37. b.** प्रश्न में दिए रिक्त स्थानों में 'जिसने' तथा 'वह' का प्रयोग उचित है। इस तरह वाक्य इस प्रकार होगा- 'जिसने खिड़की का शीशा तोड़ा है, वह बता दे।'

**38. d.** 'हर कोई' का सदैव एकवचन में प्रयोग किया जाता है। प्रत्येक, हर एक का प्रयोग सदा एकवचन में किया जाता है।

**39. d.** काव्य संकलन 'चिदम्बरा' के रचनाकार सुमित्रानंदन पंत हैं। 'यामा' महादेवी वर्मा का काव्य संग्रह है।

**40. b.** 'उन्नत' शब्द विशेषण है, जैसे उन्नत क्षेत्र।

**41. a.** 'अनंत' की सही संधि होगी- अन् + अंत होगी। यह व्यंजन संधि का उदाहरण है।

**42. a.** व्युत्पत्ति के आधार पर संज्ञा के तीन भेद हैं-

(i) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ii) जातिवाचक संज्ञा

(iii) भाववाचक संज्ञा

**43. b.**

**44. a.** वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में शुद्ध शब्द 'उपर्युक्त' है। अन्य सभी शब्दों यथा-अपरर्युक्त, उपरियुक्त तथा उपरोक्त में सन्धि सम्बन्धी अशुद्धियां हैं।

**45. d. 46. a. 47. b. 48. c.**

**49. d.** लेखन कौशल के अन्तर्गत निम्नलिखित विशेषताएँ होती हैं।

**(i)** विचारों के मध्य सम्बन्ध स्थापित करना।

**(ii)** विषय-वस्तु को स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित रूप से जोड़ना

**(iii)** सुन्दर एवं स्पष्ट लेख लिखना

**(iv)** व्याकरण के नियमों को भाषा में शुद्ध रूप से प्रयोग करना।

**50. b.** बलाघात का प्रयोग बोलने के कौशल में प्रयुक्त होता है।

❑❑❑